क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 22.09.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – क्वाड दीर्घकालिक साझेदार बने रहने और आपसी विकास के लिए हिन्द प्रशांत देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार।
- भारत वर्ष 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- केदारघाटी में जंगलचट्टी के पास क्षतिग्रस्त हुआ पैदल मार्ग यात्रा के लिए सुचारु हुआ।
- देहरादून के सरकारी स्कूलों को आदर्श विद्यालयों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

**क्वाड समूह**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि क्वाड समूह दीर्घकालिक साझेदार बने रहने और आपसी विकास के लिए हिन्द प्रशांत देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि क्वाड देश हिंद–प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और समृद्ध बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है। अमरीका के डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया तनाव और संघर्ष से जूझ रही है और यह ज़रूरी है कि क्वाड देश साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए मानवता के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि अगले वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन भारत में आयोजित होगा। इससे पहले, कल रात प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। घंटे भर चली बैठक में, दोनों नेताओं ने भारत–अमरीका व्यापक वैश्विक कार्यनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए नई संभावनाओं की तलाश की। श्री बाइडेन ने कहा कि भारत–अमरीका साझेदारी इस समय अपने सर्वश्रेष्ठ दौर में है।

**भारत – अमरीका**

भारत ने अमरीका के डेलावेयर में स्वच्छ अर्थव्यवस्था, निष्पक्ष अर्थव्यवस्था पर केंद्रित अपनी तरह के पहले समझौतों के साथ व्यापक हिंद प्रशांत आर्थिक रूपरेखा–आई.पी.ई.एफ पर हस्ताक्षर किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में समृद्धि संबंधी हिंद प्रशांत आर्थिक रूपरेखा के अंतर्गत इन समझौतों का आदन–प्रदान किया गया। स्वच्छ अर्थव्यवस्था संबंधी समझौते का लक्ष्य तकनीकी सहयोग, कार्यबल विकास, क्षमता निर्माण और अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देना है। समझौते में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की सहायता पर विशेष बल देने के साथ–साथ निवेश और रियायती वित्त पोषण सहित परियोजना वित्त पोषण की व्यवस्था का प्रावधान है। निष्पक्ष अर्थव्यवस्था संबंधी समझौते का उद्देश्य हिंद प्रशांत क्षेत्र में अधिक पारदर्शी और अनुमानित व्यापार तथा निवेश वातावरण तैयार करना है।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान**

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। पिथौरागढ़ जिले में भी सफाई अभियान जोरों पर है। जिला प्रशासन ने आज जिले के चंडाक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल– आईटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल–

एसएसबी, कुमाऊं रेजिमेंट की पर्यावरण कोर के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिले के मुख्य विकास अधिकारी दीपक सैनी ने सभी को पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाते हुए हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की।

वहीं गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान ने अल्मोड़ा की ग्राम सभा ज्योली और दिलकोट क्षेत्र में स्वच्छता तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सुमित रॉय ने स्थानीय लोगों को प्रकृति और पर्यावरण को स्वच्छ रखने, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया। स्वच्छता ही सेवा की थीम "स्वभाव स्वच्छता –संस्कार स्वच्छता" के तहत केंद्र की ओर से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण सम्बंधित जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

## आयुष्मान योजना

प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज दिया जा रहा है। उपचार के दौरान फर्जीवाड़ा रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी ने आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट को सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने योजना के तहत इलाज कराने से पहले और बाद में लाभार्थी का ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने समय–समय पर यह भी जांच करने को कहा है कि अस्पतालों में लाभार्थियों को कैशलेस और बेहतर इलाज मिल रहा है या नहीं।

## केदारघाटी

केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी है। केदारघाटी में जंगलचट्टी के पास क्षतिग्रस्त हुआ पैदल मार्ग यात्रा के लिए सुचारु कर दिया गया है। इस मार्ग पर यात्री फिलहाल पैदल यात्रा ही कर सकेंगे, जबकि घोड़ा–खच्चरों की आवाजाही पर अगले आदेश तक रोक जारी रहेगी। गौरतलब है कि 20 सितम्बर को भू–धंसाव के चलते जंगल चट्टी के पास मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद बचाव टीमों ने अस्थायी वैकल्पिक मार्ग तैयार कर यात्रा को जारी रखा।

## देहरादून डीएम

देहरादून के सरकारी स्कूलों को आदर्श विद्यालयों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हर स्कूल में फर्नीचर की व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने सभी स्कूलों में कक्षाओं में टीवी, व्हाइट बोर्ड लगाने और छोटे बच्चों के लिए झूले लगाने को कहा। श्री बंसल ने कहा कि स्कूलों के सुधारीकरण कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## टिहरी बांध

टिहरी झील परियोजना को धरातल पर उतारने की कवायद शुरू हो गई है। इसके तहत पहले चरण में टिहरी बांध के चारों ओर रिंग रोड बनाई जानी है। योजना के तहत पहले चरण में जाख से डोबरा–चांटी पुल तक 15 दशमलव 7 किलोमीटर लंबी पर्यटक सड़क बनाई जानी है। करीब 17 मीटर चौड़ी डबल लेन सड़क में साइकिल ट्रैक और पैदल पथ भी बनाया जाएगा। एशियाई विकास बैंक से वित्तपोषित 12 सौ करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए 601 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## किसान

केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं हर वर्ग के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं। इसी क्रम में केंद्र की किसानों के हित में संचालित योजनाएं किसानों की आय दोगुनी करने में लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। ऊधमसिंह नगर जिले के किसान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। नैनीताल–ऊधमसिंह नगर से लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार किसानों को समर्पित है। आकाशवाणी से बातचीत में श्री भट्ट ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने किसानों के हित में पहला काम किया है।

उधमसिंह नगर के प्रगतिशील किसान संदीप बाजवा का कहना है कि सरकार किसानों के हित में लगातार अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि फसल खराब होने पर केंद्र सरकार की फसल बीमा योजना से किसानों को उनके नुकसान की भरपाई की जा रही है।

## विधिक साक्षरता एवं जनजागरुकता शिविर

अल्मोड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज विपिन चन्द्र त्रिपाठी कुमाऊं इंजीनियरिंग कॉलेज में बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न संवैधानिक अनुच्छेदों का उल्लेख करते हुए भारतीय न्याय व्यवस्था में गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए किए गए विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से लोगों को कानूनी सलाह दी जाती है।

शिविर में जिला प्रशासन के माध्यम से विभिन्न विभागों के विभागीय स्टॉल भी लगाए गए, जिनके माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

## रेडक्रॉस

बागेश्वर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से जन शिक्षण संस्थान के सहयोग से रेडक्रॉस भवन में 90 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 50 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का उद्‌घाटन करते हुए उत्तराखंड रेडक्रॉस महासचिव डॉ. हरीश शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस समाजसेवा के साथ–साथ आजीविका के क्षेत्र में भी प्रदेश में कार्य कर रहा है।